# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जून 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 76 पात्र हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा निर्माण की अनुमति एवं ड्राइंग का किया गया वितरण

भिलाईनगर/महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विभिन्न घटकों मे सम्मिलित कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं! जिसके तहत निगम सभागार में महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी नीरज पाल तथा आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आने वाले मोर जमीन मोर मकान के पात्र हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा एवं ड्राइंग डिजाइन वितरण किया! प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आबादी में स्वीकृत तथा पट्टे में पात्र 76 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा एवं ड्राइंग वितरण के लिए उनके मुखिया को आमंत्रित किया गया था जिन्हें भवन निर्माण की अनुमति प्रदान की गई! 13 वार्डों से बहुतायत मात्रा में हितग्राही उपस्थित हुए थे जिनके चेहरे में अलग ही खुशी छलक रही थी जैसे ही भवन निर्माण की अनुमति के दस्तावेज हितग्राहियों को प्रदान किए गए इनके चेहरे खिल उठे! इन 76 परिवारों के द्वारा लगग 2.12 करोड़ रुपए से आवास निर्माण किया जाना है!



## डेंगू उन्मूलन एवं रोकथाम के लिए किए जा रहे हैं विभिन्न प्रयास

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी जलजनित बीमारियों (पीलिया, उल्टी-दस्त) वेक्टर जनित रोग (डेंगू/मलेरिया) के रोकथाम एवं लू से बचाव हेतु टीम भावना से कार्य करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए हुए हैं जिस पर आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बीमारी फैलने के बाद उसके रोकथाम के उपाय करने से अच्छा है कि बीमारी को फैलने ही न दें और उसके पैर पसारने से पहले ही उसके रोकथाम के सारे उपाय कर लिये जाये। जिसमें मैदानी क्षेत्र में कार्य करने वाले एएनएम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एवं निगम का स्वास्थ्य अमला अपनी अहम भूमिका निभाती है। मच्छर से फैलने वाले बीमारी से बचने के बजाय अगर मच्छर को एवं इसके लार्वा को ही खतम कर दिया जाये तो यह कारगर कदम होगा। मैदानी क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों का सूचना तंत्र इतना मजबूत हो कि कहीं पर भी मच्छर के लार्वा या स्वाईन फ्लू के मरीज पाये जाते हैं तो उस क्षेत्र की घेराबंदी कर इसकी सूचना उच्च स्तर पर दें ताकि पूरा अमला उस बीमारी की खात्मा सुनिश्चित क्षेत्र में ही कर दे और उसका फैलाव रुक जाये।



# साइकिल की सवारी करते हुए अपने निवास से कार्यालय पहुंचे आयुक्त एस.के. सुंदरानी, ब्लड डोनर्स दिवस पर रक्तदान कर दिया संदेश

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी अपने निवास स्थान से प्रातः 10:00 बजे साइकिल की सवारी करते हुए एवं साइकिल पर अपने जरूरी समान रखकर कार्यालय निगम भिलाई पहुंचे जहां पर प्रतिदिन होने वाले राष्ट्रगान में रक्तदान दिवस के अवसर पर इसके महत्व को बताते हुए कहा कि ब्लड प्रेशर को संतुलित रखना, खून के गाढ़ा पन में कमी आना, खून की जांच हो जाना, रक्त मे हिमोग्लोबिन आदि के प्रतिशत पता चलना, ब्लड ग्रुप का पता चलना, किसी के जीवन को बचाने/मदद में योगदान कर मानवीय सुख प्राप्त करना, कोलेस्ट्रॉल में कमी लाना, मोटापे में कमी लाना आदि कारण से रक्तदान करना जरूरी हो गया है! आयुक्त महोदय ने सुबह ही सेक्टर 9 अस्पताल के चिकित्सकों से रक्तदान में सहयोग करने की चर्चा कर समय मांगा था, जिस पर आज निर्धारित समय में आयुक्त सुंदरानी रक्तदान करने अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया इस समय डॉक्टर रविंदर नाथन हेड ऑफ डिपार्टमेंट उपस्थित थे! आयुक्त रक्तदान करने के पश्चात अपने साइकिल से पुनः गंतव्य के लिए रवाना हो गए! नगर निगम भिलाई से रक्तदान करने के लिए बहुत से कर्मचारी/अधिकारी ने भी इच्छा जताई थी, जिन्होंने आज रक्तदान कर एक अच्छा संदेश दिया है!





## महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने बारिश से पूर्व संपूर्ण रूप से नाला की सफाई के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नालों की सफाई की जा रही है! महापौर एवं विधायक भिलाई नगर श्री देवेंद्र यादव ने बारिश से पूर्व बड़े एवं छोटे नालों की सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं!जिस पर निगम आयुक्त एसके सुंदरानी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए नालों की सफाई के लिए अभियान चलाने के लिए आदेशित किया है ताकि बारिश में भी जलभराव की स्थिति न हो! प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि कोसा नगर रेलवे स्टेशन से गांधीनगर माइलस्टोन के पीछे तक एवं सूर्य विहार कॉलोनी तक लगभग ढाई किलो मीटर के नाला को चैन मशीन के सहारे सफाई कराया जा रहा है जिसमें से कोसानाला की सफाई की जा चुकी है, वही चैन मशीन का उपयोग बड़े नालों में किया जा रहा है तथा नाला का आकार छोटा होने पर छोटे चैन मशीन लगाकर सफाई किया जा रहा है, जोन क्रमांक 6 अंतर्गत नाला का जेसीबी एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई किया गया! जोन क्रमांक 1 वार्ड 1 में एमजे कॉलेज के सामने से चैन मशीन से सफाई किया जाना है, बापू नगर से शराब भट्टी नाला सफाई प्रगति पर है, टंकी मरोदा से शीतला तालाब नाला का सफाई कार्य किया जा रहा है!



## जवाहरलाल नेहरू विद्यालय में होंगे विभिन्न विकास कार्य महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वही के विद्यार्थियों एवं मोहल्ले के नागरिकों से कराया भूमि पूजन

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने जवाहरलाल नेहरु विद्यालय खुर्सीपार में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन स्कूली बच्चों एवं मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिकों से कराया! सर्वप्रथम विद्यालय के स्पोर्ट्स के बच्चों द्वारा बाजे गाजे के साथ श्री यादव का स्वागत किया गया तथा जेपी श्याम व्याख्याता के मार्गदर्शन में स्वागत गीत गाकर एवं विद्यालय की प्राचार्य प्रीति गुप्ता, प्रभारी साला अध्यक्ष सूरज कुमार आदि ने पुष्पगुच्छ एवं पुष्प हार से मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र यादव का स्वागत किया! तत्पश्चात श्री यादव ने मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिकों एवं स्कूल के बच्चों से भूमि पूजन कराने के लिए आग्रह करते हुए भूमि पूजन कराया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य एवं बच्चों ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर भूमि पूजन की शुरुआत की इस दौरान पूर्व पार्षद भूपेंद्र यादव द्वारा फावड़ा चलाकर जिसमें श्री देवेंद्र यादव ने सहयोग किया तथा कार्य की शुरुआत करते हुए कार्य की आधारशिला रखी!



## आयुक्त सुंदरानी ने कार्यालय आते ही मुख्य कार्यालय सहित चंद्रा मौर्य अंडरब्रिज का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी कार्यालय पहुंचते ही प्रतिदिन होने वाले राष्ट्रगान में सम्मिलित हुए तत्पश्चात मुख्य कार्यालय में बनाए गए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन किया एवं उपस्थित अधिकारियों को और बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने हेतु निर्देश दिएश्री सुंदरानी ने बीएसपी क्षेत्र अंतर्गत एवं रेलवे लाइन के समीप के क्षेत्रों का अवलोकन करते हुए उपस्थित जोन क्षेत्र के अधिकारी एवं एजेंसी को निर्देशित किए! अंडर ब्रिज के आसपास के 3 किलोमीटर क्षेत्र का सघन निरीक्षण करते हुए बीएसपी क्षेत्र से नेशनल हाईवे की ओर जाने वाले मार्ग के दाहिने तरफ पहुंचे जहां पर एक कुएं नुमा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किया गया है इन्हीं क्षेत्रों से पानी अंडर ब्रिज तक तेजी से पहुंचता है, इस पानी को यहीं पर संग्रहित कर भूगर्भ में भेजने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि अंडर ब्रिज में पहुंचने से पहले बहुतायत मात्रा में पानी को यही भूगर्भ में समाहित कर दिया जाए तथा यहां से ग्रेविटी के आधार पर नाली बनाकर इसे दूसरी ओर डायवर्ट भी किया जा सके



# पट्टा नवीनीकरण के लिए आज से लगा शिविर, आयुक्त सुंदरानी ने शिविर स्थल का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/छ.ग. शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों के भूमिविहीन व्यक्ति जिन्हे अधिनियम 1984 के तहत् आवासीय पट्टा प्रदान किया गया था! जिसकी 30 वर्षीय अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण किये जाने के हेतु आज दिनांक से 14 जुलाई तक निगम क्षेत्र में जोनवार प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाना है। इसी के तहत आज जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत आने वाले नेहरू नगर पश्चिम अंतर्गत सियान सदन वार्ड क्रमांक 2 में आयोजित शिविर में कुल 23 पट्टा नवीनीकरण के लिए एवं सियान सदन भवन टाटा लाइन कोहका मे 02 पट्टा नवीनीकरण के लिए तथा जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत मंगल भवन छावनी पुराना वार्ड 17 में कुल 12 पट्टा नवीनीकरण के लिए प्राप्त किए गए जिसकी उद्घोषणा पत्र भी शिविर स्थल में ही प्रकाशित की जानी है, पट्टा नवीनीकरण के लिए मूल पट्टा एवं आधार कार्ड की छाया प्रति सहित आवेदक जो पट्टाधारी आवासरत हैं उन्हें स्वयं उपस्थित होना है साथ ही जिन पट्टेधारियों के यहां कोई नहीं है उनके वारिसान उपस्थित हो सकते



## शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ निगम आज ऐसे कर्मचारियों की बिदाई कर रहा है जिन्होने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को धरातल में लाने में अहम जिम्मेदारी निभाई। जो 07 कर्मचारी आज सेवानिवृत्त होकर बिदा हो रहें हैं वे निष्कलंक अपनी सेवाकाल पूर्ण किये हैं उसके लिए बधाई देता हूं। निगम के कर्मठ और कर्मशील रामायण सिंह, राजेन्द्र कुमार सावरकर, अशोक कुमार चन्द्राकर, मुकुंद रामटेके, चिन्ताराम साहू, दूलार सिंह, श्रीमती स्वर्णकान्ता भाटिया के सेवानिवृत्त के उपरान्त निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में उक्त उदगार महापौर परिषद के सदस्य सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी श्रीमती सुभद्रा सिंह, नीरज पाल, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, टी0पी0 लहरे कहीं। जनसम्पर्क विभाग में कार्यरत् श्री रामायण सिंह का मुख्य आयोजन के पूर्व विभागीय रुप से उन्हे विदाई दी गई




**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई